

एक नजर में

## रोटरी क्लब ने जनता स्कूल में किया पौधारोपण



**खंडवा।** पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन खंडवा अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब खंडवा द्वारा जनता स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों और उपस्थित लोगों द्वारा 30 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। सभी ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा मामाजी , क्लब ट्रेनर अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक कमलेश गुप्ता, सचिव अंकित पालीवाल, कोषाध्यक्ष श्याम दलाल, राजू जोशी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, अनिल बाहेती, प्रफुल्ल मंडलोई, एम. युसूफ, रोटेरियन सतीश सोनी एवं प्रशांत सोनी उपस्थित थे। रोटरी क्लब ने कहा कि आगे भी शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

## स्वामी शिवम भारती का 72वां जन्मोत्सव मनाया



**ओंकारेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग नगरी में नमः शिवाय मिशन के संस्थापक स्वामी शिवम भारती जी का 72वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर अनेक साधु-संत, नागरिक एवं स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। महाराज जी द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को स्मृति भेंट भी प्रदान की गई ।एकादशी के पावन दिन होने के कारण हजारों भक्तों ने फलाहारी प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों में विशेष भक्ति भाव देखने को मिला। जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने स्वामी जी को शाल, फल, उपहार एवं पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया। वातावरण हर हर महादेव और नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में संत समाज और क्षेत्रवासियों ने स्वामी शिवम भारती जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## सम्मति नगर महिला मंडल ने निकाली भव्य कावड़ यात्रा



**खंडवा।** श्रावण मास में भगवान भोले की आराधना के अंतर्गत सम्मति नगर महिला मंडल द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा कंठेंश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर पदम कुंड स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंची। वहां सभी मातृशक्तियों ने भजन-कीर्तन और श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके पश्चात पदम कुंड के पवित्र जल से कंठेंश्वर महादेव का भी जलाभिषेक किया गया। महिला मंडल की संयोजिका श्रीमती हेमलता पालीवाल ने बताया कि श्रावण महीना भगवान भोले को समर्पित है। इस माह में शिव की आराधना, पूजन और पवित्र स्थान के जल से शिव अभिषेक का विशेष महत्व है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा आयोजित कर मातृशक्तियों ने पुण्य लाभ लिया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

## स्वतंत्रता सप्ताह पर युवक कांग्रेस ने अस्पताल में बांटे फल

**खंडवा।** स्वतंत्रता सप्ताह के उपलक्ष्य में युवक कांग्रेस खंडवा विधानसभा के तत्वावधान में सोमवार को शासकीय जिला चिकित्सालय में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का नेतृत्व युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सागर पवार ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उन्हें फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ।जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद भी किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह केवल देशभक्ति की भावना व्यक्त करने का अवसर नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों की सेवा और सहयोग के संकल्प को मजबूत करने का भी अवसर है।

# दूसरे सावन सोमवार पर ओंकारेश्वर में उमड़ा आस्था का जनसमूह

- 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, महासागरी पालकी में निकले बाबा भोलेनाथ
- कोटि तीर्थ पर किया महाभिषेक

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** सावन मास के द्वितीय सोमवार को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। मंदिर को आकर्षक फूलों, सूखे मेवे, मावा और भांग से सजाया गया। श्रृंगार के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रशासन के अनुसार सोमवार को करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर ओंकारेश्वर जी और दक्षिणी तट स्थित मलेश्वर जी के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।



### बैंड-बाजों के साथ मनाया गुलाल उत्सव

दोपहर 3 बजे ओंकारेश्वर मंदिर से महासागरी पालकी निकाली गई। ढोल-धमाका और बैंड-बाजों के साथ ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर पालकी में सवार होकर कोटि तीर्थ घाट पहुंचे। यहां विद्वान पंडितों द्वारा भगवान भोलेनाथ का महा अभिषेक किया जाएगा। महाअभिषेक के पश्चात गुलाल उत्सव और गुलाब उत्सव का आयोजन किया गया। पूजन के बाद भोलेनाथ को नर्मदाजी के जल में नौका विहार कराया गया।



### दक्षिणी तट से निकली ममलेश्वर की पालकी

उधर, दक्षिणी तट पर ममलेश्वर भगवान की पालकी भी घाट पर पहुंची। वहां विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना और महा अभिषेक किया गया। गोमुख घाट पर दोनों पालकियां मिलीं। इसके बाद दोनों सवारियां नर्मदा जी के जल में नौका विहार किया। पालकी वापसी के समय पूरे मार्ग में भक्तों के भोले शंभू, भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

### फूलों से सजा मंदिर

श्रावण के इस पावन दिन पर मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। गर्भगृह से लेकर पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया है। आकर्षक श्रृंगार के दर्शन के लिए दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु देर तक मंदिर में रुके। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## नन्हे कदमों ने जगाया देशभक्ति का जज्बा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को एंजल्स प्लेनेट स्कूल, खंडवा में उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सोमवार 10 अगस्त को विद्यालय में विशेष स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रद्धा पुरी मैडम के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से



देशभक्ति के रंग बिखेर दिए। विद्यार्थियों ने जोशीले देशभक्ति गीतों पर नृत्य, स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में फैसी ड्रेस प्रस्तुति तथा प्रभावशाली देशभक्ति भाषणों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार का मन मोह लिया।

## गुरु के मार्गदर्शन के अभाव में शांतिमय जीवन की कल्पना भी अधूरी...

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** गुरुपूर्णिमा का पावन दिवस अर्थात ईश्वर के समकक्ष पदवी धारण करने वाले जीवन मुक्त सतगुरु के प्रति नतमस्तक होने, उनकी अनन्त महानता का स्मरण करने का दिन गुरु के प्रति श्रद्धा व समर्पण का पर्व है। आज राष्ट्र को ज्ञानवान, प्रकाशवान व शक्तिवान बनाने के लिए चिर गुरु पूर्णिमा का पावन दिवस अर्थात गुरु के प्रति सच्ची श्रृध्दा, आस्था व्यक्त करना है।

आज प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा की पुनरावृत्ति की नितान्त आवश्यकता है गुरु के मार्गदर्शन के अभाव में सुखानुभूति तो दूर शांतिमय जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह दिव्य उदबोधन सिन्धी कालोनी स्थित सिन्धी सेवा मंडली धर्मशाला में हरेमाधव सत्संग परमार्थ समिति कटनी शाखा खंडवा द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित गुरु शिष्य परम्परा कार्यक्रम में कृपापात्र महेश फतवानी ने व्यक्त किये। यह जानकारी देते हुए समिति प्रमुख महेश फतवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि आयोजन सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब जी के आशीर्वाद एवं हरिराया सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी के पावन कृपादृष्टि में श्रद्धा विश्वास से मुख्य अतिथि डॉ. अनीश अरझरे की उपस्थिति में मनाया गया। श्री फतवानी ने गुरु वाणी का वाचन करते हुए कहा कि पूरण सतगुरु के बिना चाहें कितने भी जप तप कर्मकांड करले पर आतम को मुक्ति नहीं मिलती, सांची मुक्ति सतगुरु नाम मंत्र के सिमरन ध्यान से मिल सकती है गुरुमंत्र का नित्य नियम का निरन्तर अभ्यास ही मुक्ति का आधार है।

## नि :शुल्क महारुद्राभिषेक बना आस्था का केंद्र

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर महादेव की नगरी में श्रावण मास के दौरान अतिथि भवन ट्रस्ट कोठी द्वारा आयोजित नि:शुल्क महा रुद्राभिषेक श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना है। ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक और पूजन-अर्चन कराया जा रहा है।

देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर परिवार सहित रुद्राभिषेक में भाग ले रहे हैं। बड़वाह के परिवार ने भी किया अभिषेक-गुरुवार को बड़वाह के आशीष गुप्ता अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि नि:शुल्क व्यवस्था से उन्हें सहजता से पूजा का अवसर मिल रहा है।

**व्यवस्थित की गई सभी सुविधाएं**-ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश रामकिशन जायसवाल के नेतृत्व में इस वर्ष आयोजन को अधिक भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंजीयन, पूजन व्यवस्था, बैठने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। वैदिक आचार्य पारस जी पहाड़ा के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक महा रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। यजमानों के लिए पूजन सामग्री सहित सभी धार्मिक व्यवस्थाएं ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रद्धालु पूर्व बुकिंग के माध्यम से निर्धारित तिथि पर परिवार सहित रुद्राभिषेक में शामिल हो सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा धार्मिक आयोजन के साथ भवन के विकास, सौंदर्यीकरण भी करवाया गया है।

## सिंगाजी की दो बहनों ने केनाइंग में मचाई धूम, कावेरी ने 3 गोल्ड तो दीपिका ने 2 सिल्वर जीते

- राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा रहीं मान
- कावेरी के नाम 50 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पदक

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के सिंगाजी क्षेत्र की दो बहनों ने खेल की दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परिवार की मदद के लिए छोटी नाव से मछली पकड़ने का काम करने वाली कावेरी डिमर और उनकी छोटी बहन दीपिका डिमर आज केनाइंग खेल में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने सिंगाजी की कावेरी और दीपिका को उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि भोपाल के लोअर लेक में आयोजित अश्मिता नेशनल प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने कुल 6 पदक जीतकर




ग्राम सिंगाजी के साथ जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। सीनियर वर्ग में खेल रहीं कावेरी डिमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की सी-2 1000 मीटर, सी-4 1000 मीटर और सी-4 500 मीटर स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं जूनियर वर्ग में दीपिका डिमर ने सी-1 महिला 500 मीटर में कांस्य, सी-1 महिला 200 मीटर और सी-4 महिला 200 मीटर में दो रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ।समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कावेरी डिमर का खेल सफर संघर्ष और उपलब्धियों से भरा रहा है। अब तक वह 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। इनमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल हैं। छोटी बहन दीपिका भी अपनी बड़ी बहन के नक्शेकदम पर चलते हुए लगातार पदक जीत रही हैं। वह अब तक 20 से अधिक पदक अपने नाम कर चुकी हैं।

**छोटी नाव से शुरू हुआ सफर, अब राष्ट्रीय पहचान**

दोनों बहनों का जीवन संघर्ष से जुड़ा रहा है। परिवार की आजीविका में सहयोग के लिए वे छोटी नाव से मछली पकड़ने का काम भी करती रही हैं। इसी नाव और पानी से जुड़ाव ने आगे चलकर उन्हें केनाइंग जैसे खेल की ओर बढ़ने का अवसर दिया। मेहनत, लगन और लगातार अभ्यास के दम पर दोनों बहनों ने खेल की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कावेरी और दीपिका की उपलब्धियां न सिर्फ उनके परिवार बल्कि सिंगाजी क्षेत्र और पूरे खंडवा जिले के लिए गौरव की बात हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद दोनों बहनों का राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीतना यह साबित करता है कि प्रतिभा को यदि मेहनत और सही अवसर मिले तो वह किसी भी परिस्थिति में अपनी पहचान बना सकती है।

## विनोद गोस्वामी का किया नेत्रदान, मौत के बाद भी दो जिंदगियों को रोशनी दे गए गोस्वामी

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** सिंधी कालोनी गली न 3 खण्डवा निवासी 29 वर्षीय विनोद गोस्वामी के अल्पायु में देवलोकगमन के पश्चात शोकाकुल परिवार ने मानवता की सर्वोच्च मिसाल प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का संकल्प लिया। पिता शंकर गिरी गोस्वामी, काका हरीश गोस्वामी, बसंत मंगवानी, रोमी सन्तवानी व परिवारजनों की सहमति से सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा एवं नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई।



समिति के संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि यह समिति द्वारा सम्पन्न कराया गया 525 वाँ नेत्रदान है। उन्होंने कहा कि समाज में नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण अनेक परिवार अपने प्रियजनों की अंतिम इच्छा को मानव सेवा से जोड़ रहे हैं, जिससे कई नेत्रहीनों के जीवन में पुन: प्रकाश पहुँच रहा है ।नेत्रदान की प्रक्रिया में डॉ. सोमिल जैन, नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद तिरोले,नारायण बाहेती,अनिल बाहेती, घनश्याम वाधवा, डॉ. राधेश्याम पटेल, राजीव शर्मा, राजीव मालवीय, सुनील जैन,गांधीप्रसाद गदले, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता, लियो अभिषु शर्मा,अर्पित बाहेती, सुमित परिहार एवं शिवम जायसवाल ने सक्रिय सहभागिता निभाई ।इस अवसर पर विक्रम सहजवानी, कैलाश गोस्वामी व संजय सभनानी उपस्थित रहे। नेत्रदान सम्पन्न होने के उपरांत समिति की ओर से गोस्वामी परिवार को नेत्रदान आभार-पत्र भेंट कर इस महान एवं प्रेरणादायी निर्णय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। समाजसेवी व सदस्य सुनील जैन ने बताया किसमिति के प्रमुख नारायण बाहेती के मार्गदर्शन में लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति सदस्यों के माध्यम से अब तक 525 नेत्रदान तथा 24 दिवंगतों का देहदान मेडिकल कॉलेज को कराया है।

## राष्ट्रीय सम्मेलन सीवीआरयू में

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सुप्रसिद्ध कथाकार, शिक्षाविद् एवं विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे वनमाली जी की 114वीं जयंती के अवसर पर वनमाली सृजन केंद्रों का छठवां राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय, खंडवा में भव्यता से आयोजित किया गया।

सम्मेलन में साहित्य, कला, संस्कृति एवं भाषा के संरक्षण-संवर्धन के लिए समर्पित देशभर के वनमाली सृजन केंद्रों ने भागीदारी की। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, असम, पश्चिम बंगाल, केरल सहित अन्य राज्यों में स्थापित सैकड़ों सृजन केंद्रों के अध्यक्ष, संयोजक एवं रचनाकार सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि वनमाली सृजन पीठ विगत 35 वर्षों से परंपरा और आधुनिक आग्रहों के बीच संवाद स्थापित करने के लिए सक्रिय है। इस पीठ ने साहित्य और संस्कृति की अविस्मरणीय यात्रा तय की है। कार्यक्रम का समाहार श्री संतोष चौबे ने किया। आभार सुश्री ज्योति रघुवंशी ने माना।

एक नजर में

**51 हजार लीटर जल से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक, जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल**

## जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा का ढोल-नगाड़ों के साथ किया शहरभर में स्वागत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भगवा ध्वज, कंधों पर कांवड़ और जुबां पर 'जय श्री राम' व 'हर-हर महादेव' के जयकारे... सोमवार को खंडवा पूरी तरह शिवभक्ति में डूबा नजर आया। इंदौर नाका से शुरू हुई जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा का शहरभर में भव्य स्वागत हुआ। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**पूजन कर यात्रा को किया गया रवाना**-यात्रा के शुभारंभ से पहले पंडित अश्विन खेड़े द्वारा पंडित प्रेम नारायण जी पीपलोनिया, अशोक पालीवाल एवं अखिलेश गुप्ता की उपस्थिति में कांवड़ एवं शक्ति पताका का विधि-विधान से पूजन कराया गया। इसके बाद श्रीफल भेंट कर यात्रा को रवाना किया गया।

**51 हजार लीटर जल से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक**-कांवड़ियों द्वारा लाए गए 51 हजार लीटर जल से सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा



वातावरण गूंज उठा।

**महादेवगढ़ के कांवडियों ने सुनाई हनुमान चालीसा**-यात्रा के दौरान महादेवगढ़ के कांवड़ियों ने पूरे शहर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया और श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

**सनातन एकता का दिया संदेश**-आयोजक अशोक पालीवाल जी ने बताया कि हिंदू धर्म में सनातन का अर्थ है जो शाश्वत है, जो कभी नष्ट नहीं होता। यह यात्रा उसी सनातन धर्म की एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए निकाली गई है।

**कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई यात्रा**-भारी भीड़ को देखते हुए यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित रखा।

## एंजेल्स प्लेनेट स्कूल का खेलों में परचम

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्त्रस्न्रढ्ढ) के तत्वाधान में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में एंजेल्स प्लेनेट स्कूल, खंडवा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया ।कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बीच विद्यालय के 4 प्रतिभावान खिलाड़ियों का संभागीय स्तर पर चयन हुआ है।

बॉक्सिंग में रुद्रिका और रणवीर ने मारी बाजीअंबेडकर स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एंजेल्स प्लेनेट की अंडर-17 वर्ग की रुद्रिका ठाकुर ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते







हुए संभागीय स्तर पर जगह बनाई। वहीं रणवीर सिंह भाटिया ने अंडर-17 के 66 किलोग्राम भार वर्ग में अपने खेल कौशल, आत्मविश्वास और दमदार प्रदर्शन के दम पर संभागीय स्तर के लिए चयन हासिल किया। फुटबॉल में ओजस और गिरिराज का चयन-सेंट फ्रांसिस स्कूल में हुई फुटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के अंडर-14 वर्ग के ओजस महाजन एवं गिरिराज डोडवाल ने मैदान पर बेहतरीन खेल, टीम भावना और समन्वय का प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने संभागीय स्तर पर चयन प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशिक्षकों और विद्यालय के मार्गदर्शन को दिया ।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यालय आगे भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के अवसर देगा।